## सार-समाचार

### कपासन में स्वच्छता दौड़ आयोजित

**कपासन**, (नि.सं.)। नगर पालिका की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता पखवाड़े में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। शुक्रवार को सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम से नगर पालिका तक 1 किलोमीटर की स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया।जिसमें आम जन के साथ गर्ल्स स्कूल की छात्राओं सहित नगर पालिका के कर्मचारियों ने भाग लिया। दौड़ को तहसीलदार जगदीश बामनिया, नपा उपाध्यक्ष एजाज अली, नपा के ईओ भानुप्रताप सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी दौड़े। दौड़ स्टेशन मार्ग, खादी भंडार से पांच बत्ती चौराहा,बस स्टैंड से होती हुई नगर पालिका पहुंच कर संपन्न हुई।दौड़ में छात्रा मिस्टी कोदली और छात्र दर्शन जाटोलिया ओर कनिष्ठ तकनीकी सहायक रोहित पंचोली सबसे आगे रहे। दौड़ के बाद अधिकारियों ओर जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में नगर पालिका के पास स्थित बावड़ी में श्रमदान कर सफाई करवाई गई। इस अवसर पार्षद नरेश खटीक,मनीष बारेगामा, पुलिस विभाग से महेंद्र कुमार, वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक प्रकाश शर्मा,कनिष्ठ सहायक नंदलाल मेनारिया, कार्यक्रम प्रभारी प्रकाशचंद्र शर्मा,सचिन सोनवाल, एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग, आईआरजीवाई के जेटीए रोशन शर्मा,लेखा सहायक प्राची डिडवानिया,जमादार मुकेश कोदली,गीता देवी,विजय,विशाल कोदली, शकील मोहम्मद, सफाई कर्मचारी भारत कुमार,शिव,राजू, ओंकार, मुकेश, दिलीप, दिनेश,शंकर आदि का सहयोग रहा।

### आर्ट गैलरी व सुविधाओं का होगा विस्तार

**उदयपुर**, (का.सं.)। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में आयोजित महाराणा प्रताप खेलगांव सोसायटी की कार्यकारिणी की बैठक में उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन ने खेलगांव को खेलों व खिलाडियों के साथ-साथ कलाकारों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से भी विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में यूडीए आयुक्त जैन ने कहा कि खेलगांव को जीवंत और आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से यहां पर सामुदायिक भवन सहित आर्ट गैलरी, सभागार, रंगमंच, खिलाडियों के ठहरने के लिए कक्षों आदि का भी निर्माण किया जा सकता है। इस आर्ट गैलरी म मेवाड की खेल प्रतिभाओं की जानकारी देने वाली प्रदर्शनी के साथ कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जा सकेगी। उन्होंने यूडीए की ओर से इन कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार किये जाने की जानकारी दी। खेलगांव में सुविधाओं के विस्तार के लिए यूडीए सतत प्रयासरत है। इसके तहत 12 करोड रूपए की लागत से विविध विकास कार्य प्रस्तावित किए है। वर्तमान तरणताल की रिपेयरिंग एवं शेड स्थापना कार्य, 25 एवं 50 मीटर शूटिंग रेंज निर्माण कार्य, दो टेनिस क्ले कोर्ट निर्माण कार्य, क्रिकेट मैदान हेतु रॉलर, घास कटिंग मशीन, साईड स्क्रीन, टॉयलेट ब्लॉक, पेवेलियन निर्माण कार्य, नवनिर्मित जिम भवन हेतु नवीन मशीनों का क्रय समेत कई निर्णय लिए गए है। उपरोक्त कार्यों पर उदयपुर विकास प्राधिकरण लगभग 12.00 करोड का खर्च कर खेलगांव का विकास करेगी

### जोशीले तालाब पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

कानोड़, (नि.सं.)। नगर में सीवरेज के पानी से लबालब जोशीला (गुलिया) तालाब को साफ करने की कवायद शुरू हो गई है । अर्बन स्वच्छ भारत मिशन के तहत उपयोग किए पानी को ट्रीट कर उसे पुन: उपयोगी बनाने का कार्य होगा । सहायक अभियंता पवार ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक उदयलाल डांगी के प्रयासों से इस कार्य को गति देने के लिए शुक्रवार को नगर पालिका सहायक अभियंता रसेल सिंह पवार, स्वच्छ भारत मिशन योजना से जुड़े डिजाइन इंजीनियर यतेंद्र शेखावत सहित टीम ने जोशीले तालाब पर जाकर स्थिति को जांचा और जमीन चिन्हित करते हुए प्रपोजल तैयार किया। योजना के तहत जोशीले तालाब पर ढाई करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। एसएलटीसी से अप्रूवल मिलने के बाद सोमवार को कार्य की वित्तीय स्वीकृति भी जारी होने की संभावना है । जमीन चिन्हित करने के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीमाली, पार्षद लोकेश पुरोहित, दौलतराम भोई, मंडल महामंत्री दिनेश जोशी, युगल किशोर ट्रेलर, पवन व्यास, भक्त प्रहलाद चोबीसा, नगर पालिका जेटीए ब्रजेश कुमार, ओमप्रकाश सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### नाटक से लोगों को जागरूक किया

**उदयपुर**,(का.सं.)। हमारे देश में सडक हादसे लगातार बढते जा रहे हैं। खासकर युवा इन घटनाओं के अधिक शिकार हो रहे हैं। लोगों को सुरक्षा और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए वीआईएफटी कॉलेज और मार्तण्ड फाउण्डेशन की ओर से 'हम नहीं सुधरेंगे' शॉर्ट प्ले शहर में विभिन्न स्थानों पर किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीनियर रंगकर्मी विलास जानवे और मनीष शर्मा के निर्देशन में नेशनल बुक ट्रस्ट एक्सिबिशन सूचना केंद्र, रेजीडेंसी स्कूल और रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल में नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को जागरूक किया और स्वयं तथा समाज में लोगों की जिन्दगी बचाने के लिए जिम्मेदारी निभाने का प्रण दिलवाया। संघ चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने बताया कि 'हम नहीं सुधरेंगे' मुहिम के तहत कॉलेज के विद्यार्थी शहर और आसपास के लोगों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक कर रहे हैं। नाटक करने वाली टीम में हिमांशी, हिया, सकीना, हार्दिक, प्रवर, साहिल, अखिलेश शामिल हैं। सूचना केंद्र, रेजीडेंसी स्कूल व रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल के प्रबंधन ने कॉलेज को धन्यवाद दिया।

### राज्य तैराकी में उदयपुर चैंपियन बना

**उदयपुर**, (का.सं.)। हाल ही जयपुर में संपन्न 68वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उदयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 8 रजत व 8 काँस्य पदक जीतकर बालक वर्ग में ग्रुप चैंपियनशिप हासिल की। इस प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का खिताब हर्षदित्य सिंह राणावत के नाम रहा। प्रतियोगिता के दल प्रशिक्षक संदीप सोनी ने बताया कि बालक वर्ग में आर्यावर्धन सिंह, हर्षदित्य सिंह, विहान व्यास, किंशुक पोरवाल, सौरभ कुमावत, ग्रन्थ सोनी, मंथन, व्योम उपाध्याय ने अपनी अपनी इवेंट्स में पदक हासिल किये स साथ ही बालिका वर्ग में अंशिका धाकड़, आलिआ, अनन्या व नंदिनी सिंह ने पदक जीते। 4 स्वर्ण पदको के साथ हर्षदित्य सिंह व्यक्तिगत चैंपियन रहे। इस शानदार उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी ननिहाल सिंह, जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, अरविन्द सिंह राव, पीयूष सुखवाल, अनिल कुमावत, युगल किशोर, सभी शारीरिक शिक्षकों ने हर्ष जताते हुए शुभकामनायें प्रेषित की।

### डॉ. ऋषि कुमार शर्मा अध्यक्ष बने

**उदयपुर**, (का.सं.)। जोधपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 2024 में गीतांजली मेडिकल कॉलेज के डॉ ऋषि कुमार शर्मा ने बतौर अध्यक्ष भाग लिया। उन्होंने प्लूरल डिसऑर्डर में सर्जिकल इंटरवेंशन की उपयोगिता सम्बन्धित सत्र की अध्यक्षता की। डॉ शर्मा ने बताया कि प्लूरल डिसऑर्डर में विभिन्न सर्जिकल इंटरवेंशन प्रणालियों की मदद से रोग के निदान एवं उपचार में काफी सहायता मिलती है। जिससे रोगी के शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना बढ जाती है। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के श्वसन रोग विभाग में विभिन्न प्लूरल इंटरवेंशन जांचे सरकारी योजनाओं में निशुल्क उपलब्ध है।

### 6 सांप रेस्क्यू कर बनास नदी में छोडे

**राजसमंद**, (नि.सं.)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में पिछले एक माह से करीब 3० से ज्यादा सांप को रेस्क्यू कर बनास नदी में छोडा गया। गुरुवार को उदयदास ने 6 सांप पकड कर बनास नदी में एक साथ छोडे। गौरतलब है कि गांव के उदयदास अपनी दो पुत्रियां डिंपल तथा पायल के सहयोग से आए दिन गांव में ग्रामीणों के घरों से सांप को रेस्क्यू कर बनास नदी में छोड रहे हैं। गांव में कौतूहल का विषय यह है कि वन्यजीव प्रेमी पिता -पुत्री के द्वारा बनास नदी में सांपों को छोड़ा जा रहा है।

### राज्यसभा सांसद स्थायी सदस्य मनोनीत

**उदयपुर**, (का.सं.)। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की विभागीय संबंधित स्था समिति वर्ष 2024-25 हेतु सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। गुरुवार को राज्यसभा सचिवालय ने विभिन्न विभागीय समितियों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष एवं सदस्यों की घोषणा की।

### भैंस चोरी करने का मामला दर्ज

**कपासन**, (नि.सं.)। कपासन पुलिस ने एक युवक के खिलाफ भैंस चोरी करने का मामला दर्ज करवाया। कपासन निवासी पार्थी जगदीश चंद्र जाट पिता ऊंकार लाल जाट ने स्थानीय निवासी पंकज पिता शांतिलाल वैष्णव के खिलाफ भैंस चोरी करने का मामला दर्ज करवाया।

# राजसमंद में पिटाई के बाद तनाव, सड़क पर हनुमान चालीसा पढ़ा

**राजसमंद, (नि.सं.)। जिला मुख्यालय** के राजनगर क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 8:30 बजे एक मोहल्ले के 4 युवकों ने दो लड़कों की पिटाई कर दी। जिसके बाद माहौल गरमा गया और दोनों लड़कों को हल्की चोटें भी आई। इस घटना से नाराज स्थानीय लोग रात में सड़कों पर उतर आए और वाहनों में तोड़-फोड़ कर दी। इसके बाद राजनगर थाना समेत 5 थानों की पुलिस ने माहौल शांत कराया। शुक्रवार सुबह भी विभिन्न संगठनों के लोग सड़क पर उतर आए और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गुरूवार रात लगभग 8:15 बजे राजनगर के यादव मोहल्ला निवासी राहुल पुत्र नंद किशोर और कृष्णा पुत्र विक्रम घर से कुछ दूर मामू भाणेज रोड पर चबूतरे पर बैठे थे। वे इंस्टाग्राम पर भजन सुन रहे थे। इस दौरान 8:30 बजे नजदीकी मोहल्ले से 4 लड़के लाठी-डंडे लेकर आए और दोनों से मारपीट की। दरअसल, कुछ दिन पहले एक आयोजन के दौरान आरोपी युवकों में से एक ने राहुल पर थूक दिया था। इसके बाद हंगामा हो गया था।

राहुल की ओर से थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने शांतिभंग में कुछ आरोपियों को पकड़कर छोड़ दिया था। इसके बाद से आरोपी पक्ष ने रंजिश पाल ली थी। उस घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के लोग भी आक्रोशित थे। गुरुवार रात राहुल समेत दो लड़कों की पिटाई से मामला बढ गया। रात 9:30 बजे दोनों लड़कों को आरके हॉस्पिटल ले जाया गया। उन्हें हल्की चोट थी।

रात 10 बजे लोग सड़कों पर उतर आए और ठोकार इलाके में कुछ वाहनों के शीशे फोड़ दिए और लोग नारेबाजी करने लग गए। राजनगर थाना घटनास्थल से 400 मीटर की दूरी पर था। ऐसे में पुलिस पहुंची और भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

रात 11 बजे माहौल अशांत होने के कारण 5 थानों (राजनगर, कांकरोली, केलवा, नाथद्वारा, कुंवारिया) की पुलिस आ गई और राजनगर में लोगों को भीड़ जुटाने से रोका। रात भर पुलिस ने राजनगर के बाजारों में गश्त की। देर रात डीएसपी विवेकसिंह ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपी चारों लड़कों को पकड़ लिया जाएगा।

घटनाक्रम रात 12 बजे तक चला। इस घटना के बाद शुक्रवार सुबह 7 बजे से ही विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग राजनगर थाने के बाहर जुट गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की। सुबह 9 बजे से लोगों ने थाने के बाहर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया।

एसपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस को 3 दिन का समय दीजिए। सभी चारों आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करेगी। मेरी अपील है कि सोशल मीडिया से अफवाह न फैलाएं। जो ऐसा करेगा उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। कुछ लोग जान बूझकर अफवाह फैलाते हैं। लोग शांति बनाए रखें। हम कानून व्यवस्था कायम करने के लिए समझौता नहीं करेंगे।

लोगों ने हमें कई तरह की शिकायतें की हैं। ये कई विभागों से जुड़ी हैं। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हमने टीमें बनाई हैं। इलाके में गश्त भी बढाएंगे। लोग शांति और सौहार्द्र बनाए रखें। अभी 4 आरोपी नामजद हैं। इनकी संख्या बढ भी सकती है। पीड़ितों का मेड़िकल कराकर अन्य धाराएं भी जोड़ेंगे।

### तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

एसपी मनीष त्रिपाटी ने बताया कि राजनगर निवासी भरत यादव व कुष्णा यादव के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमले के फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए डीएसपी विवेकसिंह राव के नेतृत्व में टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए आरोपी राजनगर निवासी कालू उर्फ इकरार सिलावट (33) पिता खलील मोहम्मद, बिलाल उर्फ ढेंबरी (21) पिता हिसाम खान एवं आसिफ अली उर्फ फेजान को डिटेन कर गिरफ्तार किया है। प्रकरण मे शामिल अन्य व्यक्तियों की देर रात गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है तथा इस प्रकरण के से सम्बन्धित सभी व्यक्तियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए संवेदनशील तथा अति संवदेशनशील स्थानों पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है।

# 16 साल की बालिका के पेट से गेंद से बड़ा बालों का गुच्छा निकाला

**उदयपुर**,(का.सं.)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल भीलों का बेदला के सर्जरी विभाग के चिकित्सको ने एक 16 साल की लडकी के पेट से क्रिकेट की गेद के आकार का बालों का गुच्छा निकालकर बालिका को ट्राइकोबीजोर नामक बीमारी से छुटकारा दिलाया। लड़की को ट्राइकोफेजिया नाम की दुर्लभ बीमारी थी इसमें व्यक्ति को बाल खाने की आदत होती है। इसे रैपुंजल सिंड्रोम के नाम से भी जाना जाता है।

दरअसल मानसिक बीमारी से पीड़ित बच्ची के परिजन पेट में दर्द और उल्टियों की समस्या के चलते पेसिफिक हॉस्पिटल लेकर आए जहॉ मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. एस. जी. मेहता को दिखाया तो मरीज की जॉचे और ऐण्डोस्कॉपी कराई गई तो पेट में बालों के गुच्छे का पता चला। मरीज को सर्जरी प्रोफेसर डॉ.रेणू रॉवका की यूनिट में भर्ती कराया गया। सीटी स्केन पर पता चला की मरीज के पेट में क्रिकेट की गेद के आकार का बालों का गुच्छा है जिसका की ऑपरेशन द्वारा ही इलाज सम्भव था। इस मरीज की सफल सर्जरी में सर्जरी विभाग की प्रोफेसर डॉ.रेणू रॉवका, डॉ.उदय ताम्बे, डॉ.अशु तिवारी, डॉ.रवि रंजन, डॉ.अकित, डॉ.आकाशदीप, डॉ.शुभम. डॉ.सुमीत, डॉ.गुलनाज, ऐनिस्थिशिया विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.समीर गोयल, डॉ.निकुज एवं शहनाज शेख की टीम का योगदान रहा।

डॉ.रेणू रॉवका ने बताया कि मरीज का आमाशय से छोटी आंत का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया जिसके चलतें खाए गए पदार्थ आने नहीं जा पा रहे थे। जिसके चलते लेप्रोटोमी नाम की एक ओपन सर्जरी करनी पड़ी, क्योंकि बालों का गुच्छा बहुत बड़ा और चिपचिपा था और एंडोस्कोपी द्वारा इसे निकालना जटिल स्थिति था।डॉ.रेणू ने बताया कि ट्राइकोबीजोर एक दुर्लभ बीमारी है। यह आमतौर पर ट्राइकोफेजिया से जुड़ी होती है, जो मनोवैज्ञानिक विकार होता है। इसमें व्यक्ति बालों को खाता है। यह सामान्यत: किशोर लड़कियों में देखा जाता है। यदि बीमारी का जल्दी इलाज नहीं होता, तो कुपोषण,एनीमिया और पेट से खून बहने जैसी समस्याएं पैदा हो सकती थी।

# विश्व पर्यटन दिवस मनाया

**उदयपुर**, (का.सं.)। विश्व पर्यटन दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। पर्यटन विभाग के तत्वावधान में विविध आयोजन हुए। इसमें हेरिटेज वॉक, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही।

उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस पर इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से टूरिज्म एंड पीस थीम रखी गई है। इसके तहत शुक्रवार सुबह 7 से 9 बजे ओल्ड सिटी एरिया में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसमें देशी और विदेशी पर्यटकों ने हिस्सा लिया। गाइड एसोसिएशन एवं पर्यटन व्यवसाय से जुडे व्यक्तियों के अलावा आम जन भी काफी संख्या में उपस्थित रहे। हेरिटेज वॉक जगदीश चौक से प्रारंभ होकर लाल घाट, गंगौर घाट, दाई जी की पुलिया होते हुए अमराई घाट पर समाप्त हुई। इसमें शहर की समृद्ध हेरिटेज के बारे में विस्तार से बताया गया। पीस थीम से पर्यटक काफी आकर्षित हुए और उत्साह के साथ वॉक में शामिल होते चले गए। इसके अतिरिक्त पर्यटकों को देसी व्यंजन जैसे रबडी कचौरीइत्यादि का स्वाद चखाया गया। हेरिटेज वॉक का संचालन श्री चिन्मय दीक्षित द्वारा किया गया।

समारोह की अगली कडी में सहेलियों की बाडी, जगदीश चौक, आहड संग्रहालय में प्रात: 9 से 12 बजे तक देसी विदेशी पर्यटकों का स्वागत पारंपरिक तरीके से गाइड एसोसिएशन के साथ मिलकर किया गया। आमंत्रित लोक कलाकारों द्वारा कच्छी घोडी तथा कठपुतली का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त जगदीश चौक एवं राजकीय संग्रहालय आहाड में पर्यटकों का प्रवेश निशुल्क रखा गया जिसमें लगभग 150 से 200 पर्यटकों ने संग्रहालय का अवलोकन किया।

# सांसद सी.पी. जोशी ने लोकार्पण किया

**मंड़फिया**, (नि.सं.)। भदेसर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पोटला कलां मुख्यालय पर चित्तौड़गढ़ सांसद चंद्र प्रकाश जोशी, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ोली, भदेसर पंचायत समिति के उप प्रधान प्रतिनिधि श्रवण सिंह राव सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी पहुंचे एवं वहां पर पूर्व में निर्मित कक्षा कक्ष का लोकार्पण किया एवं ग्रामीणों से रूबरू हुए।

ग्रामीणों की मांग पर जोशी ने यहां पर सामुदायिक भवन में ड़ोम निर्माण करने व एनिकट निर्माण करने घोषणा की। जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ोली ने विश्वास जताया कि हम सभी मिलकर पोटला गांव के विकास में भागीदार बनेंगे। जोशी पोटला पहुंचने पर सांवलिया जी तिराहे से जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां पर जोशी ने उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में ड़ीएमएफटी फंड़ से निर्मित कक्षा कक्ष का लोकार्पण भी किया। भादसोड़ा मंड़ल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने स्वागत उद्बोधन दिया।

### प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया

**मंड़फिया**, (नि.सं.)। कलैक्टर आलोक रंजन ने नौगांवा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल, जन सुनवाई में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओ सम्मानित किया।

आलोक रंजन ने कहा कि वे बच्चों को उनके भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे एवं बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए काम करेंगे।

आलोक रंजन ने रात्रि चौपाल, जन सुनवाई में आये 40 परिवादों को एक-एक कर सुना।

# बनास में पानी बढ़ा

**राजसमंद**,(नि.सं.)। मोही कस्बे के समीप स्थित बनास नदी में पानी का वेग बढ गया है। बुधवार को हुई तेज बरसात के चलते बनास नदी तथा आस पास के नदी नालों में पानी की आवक तेज हो गई है। बरसात के दो दिन बाद तेज गति से पानी बहा। इन दिनों तेज उमस के चलते स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों की नदी में नहाने के लिए भीड़ रहती है।

### असावा को ज्ञापन दिया

**राजसमंद**, (नि.सं.)। नाथद्वारा नगर के कनवा बस्ती स्थित एक आवासीय मकान को आधी रात में पालिका द्वारा हटाने के मामले में सर्व ब्राह्मण समाज व विप्र फाउंड़ेशन के सदस्यों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद अवासा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच करवाने की मांग की।

पीड़ित परिवार के साथ पहुंचे ब्राह्मण समाज के लोगों ने आधी रात को पालिका द्वारा किसके दबाव में ओर किस नियत से कार्यवाही की गई इसको लेकर सवाल उठाए गए। ज्ञापन में मांग की गई कि पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष जांच की जाए व दोषी कर्मचारियों को निलंबित किया जाए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। विप्र फाउंड़ेशन के पदाधिकारियों ने सात दिनों में कार्यवाही नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बतादें की गत 17 सितंबर को देर रात्रि में नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के नाम पर तीन आवासीय मकान को पूरा गिरा दिया था। इस दौरान विप्र फाउंड़ेशन के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी प्रमोद पालीवाल, जिलाध्यक्ष शांतिलाल पालीवाल, गोविंद सनाढ्य, गिरीश पुरोहित, सुनील पालीवाल, महेश जोशी, अनुराग सनाढ्य, अनिल सनाढ्य, मिहिर सनाढ्य, शीतल पालीवाल, जगदीश पालीवाल, अनमोल सनाढ्य, राखी पालीवाल, गोविंदराज, कृष्णकांत सनाढ्य आदि उपस्थित थे।

# पेसिफिक वि. वि. में कॉन्फ्रेंस शुरू

**उदयपुर**, (का.सं.)। पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर के स्नाकोत्तर अध्ययन एंव रसायन विभाग द्वारा 21 वीं सदी में रसायन विज्ञान में उभरते क्षितिज पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेस का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रिय विवि गुजरात के प्रों. मानसिंह ने फ्रिकोहेसिटी रसायन विज्ञान एंव यांत्रिकी का रोबोटिक आण्विक मशीन एंव अतिसंवेदनशील सुक्ष्म हाइड्रोजेल में योगदान विशय पर आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा नेनों विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं को आगे आने का आव्हान किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रोफेसर एंव हेड प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा रसायन विज्ञान विभाग, जय नारायण व्यास विवि ने गुणवतापूर्ण शोध में विकास के लिए युवाओं को प्रेरित किया। एच-इन्डेक्स की निश्पक्षता में सुधार एंव सरलता के लिए आमेटा-इन्डेक्स की जानकारी प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा ने साझा की। कांफ्रेस के मुख्य अतिथि एंव पेसिफिक समूह के अध्यक्ष प्रो. बी. पी. शर्मा ने बताया कि भारत दवा निर्माण में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है परन्तु कच्चे माल के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना पडता है। अत: प्रो. बी. पी. शर्मा ने शोधार्थीयों एंव वैज्ञानिकों से इस निर्भरता को खत्म करने का आव्हान किया ।

पेसिफिक विवि के प्रेसिडेंट प्रो. हेमन्त कोठारी ने बताया कि यह कान्फ्रेस रसायन विज्ञान के क्षैत्र में ज्ञान एंव नवाचार के हमारे सामूहिक प्रयास का एक महत्वपूर्ण एक मील का पत्थर है, रसायन शास्त्र वह मौलिक विज्ञान है जो आसपास की दुनिया के बारे में हमारी समझ को रेखांकित करता और हमारे जीवन को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सम्मेलन शोधार्थीयों और वैज्ञानिक और औद्यौगिक पेशेवरों को एक साथ अपनी अन्तर दृष्टि साझा करने और रसायनिक विज्ञान के नये क्षितिजि का पता लगाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेंगा। चेयरमेन प्रों. सुरेश चन्द्र आमेटा ने युवा शोधार्थीयों को शोध कार्य हेतु प्रेरित किया। डॉ. रक्षित आमेटा ने कांफ्रेस का परिचय प्रस्तुत किया कि इस कांफ्रेस में देश-विदेश के विभिन्न 247 शोधार्थी एंव वैज्ञानिक भाग ले रहे है तथा 138 पोस्टर एंव 35 मौखिक शोध पत्रों को प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। डीन. प्रों. रामेश्वर आमेटा ने विज्ञान संकाय की उपलब्धि पर प्रकाश डाला।


प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं.3806 दिनांक:26/9/2024

**लोक-सूचना**

श्री तेजराम कुमावत पिता श्री दयाराम कुमावत निवासी तलाई मोहल्ला कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | धोईन्दा | 2540/1 | रकबा 0.2104 हैक्टेयर में से रकबा 0.0290 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**



**नगर पालिका कर्मचारी सहकारी समिति लि.**
**उदयपुर-313001 (राजस्थान)**

क्रमांक: दिनांक : 27/09/2024

**निविदा-सूचना**

नगर पालिका कर्मचारी सहकारी समिति लि.उदयपुर द्वारा समिति सदस्यों हेतु उपहार क्रय किया जाना है। उपहार की राशि पुराने दो वर्ष हेतु 5600/-एक वर्ष की सदस्यों हेतु 2800/- का उपहार क्रय किया जाना है। इस हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| उपहार का विवरण | उपहार का व्यय | निविदा डालने की तिथी | निविदा खोलने की तिथी |
|---|---|---|---|
| ट्रोली बेग | दो वर्ष 5600/- सदस्य लगभग 760 एक वर्ष-2800/- सदस्य लगभग-270 | 30.9.24 | 1.10.2024 समय 2.30 बजे |

**नगर पालिका कर्मचारी सहकारी समिति लि, उदयपुर**



आरएमजीबी RMGB

**राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक**
(भारत सरकार, राजस्थान सरकार एंव स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)

**परिशिष्ट 4, {नियम 8(1)} कब्जे की सूचना (स्थावर सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) एक्ट 2002 (एक्ट 2002 के नियम 3) के अधीन राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की **शाखा ताल, राजसमंद** का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणी/जमानती को एक मांग पत्र उसमें उल्लेखित राशि जो नीचे दर्शायी गई है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की 'मांग करने' के लिये जारी किया गया था।

ऋणी/जमानती द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर ऋणी उनके जमानतदार एवं जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 (4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न सम्पत्ति का कब्जा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है।

ऋणी/जमानती को सावधान किया जाता है कि धारा 13 (8) के प्रावधानों के संदर्भ में उपलब्ध समय में बंधक सम्पत्ति को मुक्त करवाने हेतु उनको निमंत्रण दिया जाता है। ऋणी व जमानतदार को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नहीं करें। इन सम्पत्ति के संबंध में किया गया कोई भी व्यवहार राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की उक्त शाखा प्रभार के अधीन होगा।

| ऋणी/जमानती का नाम | बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण | मांग पत्र तिथि एवं बकाया राशि (रू.) | कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| ऋणी:- श्री राजू सिंह पुत्र श्री वरद सिंह रावत जमानती:- श्री पारसमल पिता श्री सोहन लाल | श्री राजू सिंह पुत्र श्री वरद सिंह रावत के नाम भूमि एंव निर्माण आवासीय मकान पट्टा नं.- 82, जिसका क्षेत्रफल 1949.75 वर्ग फीट है जो कि **गाँव**- सिरोधनिया, ग्राम पंचायत ताल, तहसील देवगढ, जिला- राजसमंद (राज.) में स्थित है। **सम्पत्ति का पडौस निम्नानुसार है:- उत्तर में:-** आम रास्ता, **दक्षिण में:-** राम सिंह का मकान, **पूर्व में:-** लक्ष्मण सिंह का मकान, **पश्चिम में:-** नारायण सिंह का मकान | मांग पत्र तिथि 02.07.2024 बकाया राशि रू. 